रिलायंस लाइफ लाएगी 25 नए इंश्योरेंस प्लान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। रिलायंस कैपिटल लि. की सहायक इकाई रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस 25 नए बीमा उत्पाद लांच करने जा रही है। कंपनी इन इंश्योरेंस पॉलिसियों को 1 जनवरी 2014 को बीमा नियामक इरडा के नए नियमों के लागू हो जाने के बाद बाजार में पेश करेगी। इसके अलावा कंपनी अपने बीमा उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए 1,500 लोगों को भर्ती करेगी।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनूप राउ ने यह घोषणा करते हुए बताया कि कंपनी को अगले तीन महीनों के दौरान लांच किए जाने वाले ज्यादातर बीमा उत्पादों के लिए इरडा की ओर से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि कंपनी आने वाले महीनों में ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक ज्यादा से ज्यादा परंपरागत बीमा प्लान पेश करने पर जोर देगी। बैंकों द्वारा एक से अधिक बीमा कंपनियों के उत्पाद बेचे जाने की शुरुआत होने पर रिलायंस लाइफ बैंकों के साथ साझेदारी करने की ओर भी कदम बढ़ाएगी। राउ ने बताया कि कंपनी ने एजेंटों के जरिए कारोबार में सितंबर 2013 तक 50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से सितंबर छमाही में करीब दोगुनी बढ़ोतरी के साथ 1,022 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

वित्त वर्ष की पहली छमाही में प्रीमियम कलेक्शन बढ़ कर हुआ ₹1,022 करोड़